SWASTIK NEWS

# स्वास्तिक न्यूज

सफीदों से प्रकाशित मासिक हिन्दी समाचार पत्र

संपादक: विनय दिवान (मो. 94160–73460) उप संपादक: अभिषेक दिवान (मो. 74047–09000)

swastiknewssafidon@gmail.com | सफीदों | मंगलवार 21 मई, 2024 | वर्ष:03 | अंक :07 | प्रति शुल्क:2/- | RNI No. HARHIN/11380

https://swastiknewsharyana.in/ | //facebook.com/swastiknews | YouTube SWASTIKNEWS

स्वास्तिक न्यूज एजेंसी
नाम परिवर्तन, बेदखली वह अन्य किसी भी अंग्रेजी हिंदी अखबार में विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
M: 7404709000
M: 9416073460

**राजनीति**

## गोहाना में मोदी की जनसभा ने भर दिया जनता में जोश

# कहा – मैंने हरियाणा की रोटी खाई है, माताओं के कर्ज हैं, मेहनत कर के चुकाऊंगा








**स्वास्तिक न्यूज/ विनय दीवान**

आगामी 25 मई को हरियाणा में छठे चरण के चुनाव है जिसके चलते चुनावी सरगर्मियां बढ़ती जा रही है इसी कड़ी में गत दिनों सोनीपत लोकसभा की जनता में जोश भरने के लिए गोहाना में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली आयोजित की गई। रैली का बहुत ही अच्छा प्रभाव सोनीपत व रोहतक की लोकसभा पर भी देखा जा रहा है। मोदी ने गोहाना में दिए भाषण में हरियाणा की जनता के साथ अपनी यादें ताजा की व कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए भाजपा की विकासवादी विचारधारा के बारे में बताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच से भाषण शुरू कर सबसे पहले सोनीपत की जनता को राम-राम बोला। पीएम ने कहा कि मैं सोनीपत की पवित्र भूमि को प्रणाम करता हूं। हरियाणा की धरती युद्ध में भी गीता का ज्ञान सुनाती है। जब मुकाबला सत्य और असत्य के बीच में हो तो विजय सत्य की ही होती है। 24 के कुरुक्षेत्र में आज एक ओर देश का विकास है। दूसरी ओर वोट जिहाद है। एक तरफ विकास की बात है और दूसरी तरफ वोट जिहाद की बात है कौन जीतेगा। आपके जवाब ने तय कर दिया है।

4 जून को मातूराम की जलेबी का क्या होगा। सारी खाली हो जाएगी। पीएम मोदी ने गोहाना में कहा कि मैंने सालों तक हरियाणा की रोटी खाई है। माताओं का कर्ज है इसे मोदी अपनी मेहनत से लौटाएगा। यह मोदी का विश्वास नहीं संकल्प है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा से 12 एक्सप्रेस वे, इनमें चार सोनीपत से, खरखौदा में मारुति प्लांट, जींद में पानी की समस्या दूर की। आयुष्मान कार्ड बनवाकर मुफ्त इलाज की गारंटी दी। चार जून के बाद तीसरी सरकार में आपके परिवार में 70 साल से ऊपर जो भी है, इनकी बीमारी में इलाज का जिम्मा मोदी का होगा। हरियाणा के सपनों को पूरा करना है हरियाणा मोदी को हिम्मत और आशीर्वाद भी देता है। सोनीपत से बड़ौली का वोट सीधी मोदी के खाते में जाएगा। ज्यादा से ज्यादा बूथ जीतेंगे, मतदान कराएंगे ज्यादा से ज्यादा लोगों से मिलें और कहना मोदी जी आए थे उन्होंने राम राम कहा है। मेरा राम राम पहुंचा देंगे। पीएम ने कहा कि हरियाणा के युवा खेलों में अपना झंडा गाड़ रहा है। मोदी ने तीन गुणा बजट बढ़ा दिया। खूब खेलो, खिलाड़ियों को विदेश में ट्रेनिंग देनी हो, हजारों खिलाड़ियों को टॉप योजना का बजट मिल रहा है। ओलंपिक में भारत ने अब तक सबसे ज्यादा मेडल जीते। एशियन खेल में रिकॉर्ड बनाया। सीमा पर हमारे हरियाणा के जो छोरे खड़े हैं मोदी ने उनको खुली छूट दे दी। अब गोलियां गिनने की जरूरत नहीं है। नतीजा अब आपके सामने है। मोदी के इन फैसलों से कांग्रेस और इंडी का कलेजा फट रहा है। उनसे पाकिस्तान की हालत देखी नहीं जा रही है। अब कांग्रेस वाले पाकिस्तान के प्रवक्ता बन गए हैं और उनकी तरफ से भारत को धमकी देते हैं। कहते हैं जरा डरो ये पाकिस्तान के पास परमाणु बम है। ये मुझे आंखें दिखा रहे हैं। वो मोदी को पहचान नहीं पाए हैं। जनता से पूछा कि क्या भारत को पाकिस्तान से डरना चाहिए क्या।

उन्होंने कहा कि हरियाणा यानी हिम्मत, हरियाणा यानी हौसला, तभी तो हरियाणा धाकड़ है। मोदी ने कहा कि मैंने कई सालों तक हरियाणा की रोटी खाई हैं। हरियाणा की तरह ही मोदी ने दस साल तक सरकार भी धाकड़ चलाई है भाजपा के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य व हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य एडवोकेट विजयपाल सिंह ने कहा कि हरियाणा में भाजपा के दसों प्रत्याशियों की जीत तो तय ही है लेकिन मोदी जी के आने से भाजपा के वोट प्रतिशत में भारी बढ़ोतरी भी होगी।

मोदी जी अन्तराष्ट्रीय फायर ब्रांड नेता है विदेशों तक भी उनके नाम का डंका है इसलिए जनता उन्हें दिल से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना चाहती है। 2014 में देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद मोदी जी ने हरियाणा को जो सौगातें दी है 2014 से पहले की सरकारों में संभव नही हो पाया था।

# सफीदों में सतपाल ब्रह्मचारी के आएगी काम 'युवा देवेंद्र सेहरावत की समाजसेवा'







**स्वास्तिक न्यूज/सुनिल कमानिया**

**सफीदों।** भूपेंद्र सिंह हुड्डा की पिछले आम चुनाव में सोनीपत से हार की वजह से कांग्रेस पार्टी को सोनीपत से इस बार सही उम्मीदवार उतारने में और तलाशने में काफी समय लग गया। लेकिन कांटे से कांटा निकालने का बड़ा दांव चलकर पार्टी ने मुकाबले को रोमांचक बना दिया है। सतपाल ब्रह्मचारी के रूप में कांग्रेस ने जिस धर्मगुरु को मैदान में उतारा है, उन्होंने अपने प्रबंधन वाली धर्मशालाओं और आश्रमों के जरिए इलाके के लोगों की सेवा और मदद का काम पहले से हाथ में ले रखा है। हरिद्वार, पांडु पिंडारा और गांगोली मंदिर जाने वाले सोनीपत और जींद के श्रद्धालुओं के लिए ब्रह्मचारी चिर-परिचित नाम हैं और पूरे क्षेत्र में उनके प्रशंसक मौजूद हैं।

अयोध्या में राम मंदिर के भावनात्मक मुद्दे के साथ चुनाव मैदान में उतरे भाजपा के नए प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली के सामने हरिद्वार के श्री राधा कृष्ण धाम के परमाध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी को मैदान में उतारकर कांग्रेस ने एक साथ कई तीर साधने की कोशिश की है।

### राजनीतिक पृष्ठभूमि

20 साल पहले हरिद्वार नगरपालिका के अध्यक्ष बने थे सतपाल ब्रह्मचारी ने साल 2022 में हरिद्वार विधानसभा सीट पर भाजपा के कद्दावर नेता मदन कौशिक के खिलाफ कांग्रेस से चुनाव लड़ा था। हार के बावजूद उन्हें मार्च 2023 में हरिद्वार महानगर कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया था। उन्होंने सियासी पारी की शुरूआत 2003 में कर दी थी जब वह हरिद्वार नगरपालिका के अध्यक्ष चुने गए थे। इसके बाद 2012 में वह विधानसभा का चुनाव लड़े। 2017 में टिकट नहीं मिला तब भी वह सक्रिय रहे और 2022 में फिर विधानसभा का टिकट ले आए। इस बार उन्होंने सोनीपत लोकसभा का टिकट हासिल कर कांग्रेस में अपनी पकड़ का परिचय दिया है।

### न ही कोई कर्ज, ना ही कोई आपराधिक केस

साल 2022 में हरिद्वार विधानसभा का चुनाव लड़ते समय उन्होंने अपने नामांकन में जानकारी दी थी कि वह राधाकृष्ण ब्रह्मचारी के शिष्य हैं। उन पर किसी बैंक या संस्था का कोई कर्ज नहीं है। उन्होंने ब्रह्मचारी होने के साथ अपने पास एक वाहन होने की जानकारी दी थी। हालांकि वह हरिद्वार में दो आश्रमों से जुड़े हैं।

### युवा नेता भी आए सतपाल के समर्थन में

सफीदों हल्के में अपने तेजतर्रार भाषण और सरल स्वभाव की वजह से तेजी से उभरते हुए युवा कांग्रेस नेता देवेंद्र सेहरावत भी पिछले एक साल से कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए समाजसेवा में लगे हुए है।

उन्होंने पिछले एक साल में देवा फाउंडेशन के तहत 72 से ज्यादा सफीदों हल्के के गांवों में बेहतर स्वास्थ्य देने हेतु मुफ्त कैंप लगवा चुके हैं।

इसके अलावा भी देवेंद्र सेहरावत ने सफीदों में सेवा फाउंडेशन के तहत बालाजी हॉस्पिटल के नाम से 2 हॉस्पिटल खोल रखे हैं ताकि उनसे वो लोगों की सेवा कर सके। उन्होंने अब तक सफीदों छेत्र के कई सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर समजसेवा कर चुके हैं जो अभी भी जारी है। और समय समय पर ये मुफ्त जांच और दवाई के लिए भी कैंप लगाते रहते है। ताकि इनके हल्के के लोगों को स्वस्थ रखा जा सके। एसआरके गुट के युवा नेता देवेंद्र सेहरावत पिछले महीने से ही कांग्रेस पार्टी का मैनिफेस्टो घर घर जा कर बांट रहे है और युवाओं को युवा न्याय की घोषणा से भी अवगत करवाकर उनको अपने साथ और कांग्रेस पार्टी के साथ जोड़ रहे हैं ' इसके अलावा भी कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए वो पिछले 1 साल से ग्राउंड पर काफी सक्रिय है।

## कांग्रेस ने साधे एक तीर से कई निशाने

- एक तो सोनीपत क्षेत्र के ब्राह्मण वोट अब दोनों उम्मीदवारों में बंटेंगे।
- दूसरे, ब्रह्मचारी को भूपेंद्र सिंह हुड्डा का साथ मिलने से जाट वोटों का ध्रुवीकरण भी उनके पक्ष में हो सकता है।
- तीसरा, मोहनलाल बड़ौली सोनीपत के राई क्षेत्र से विधायक हैं तो ब्रह्मचारी का रिश्ता भी संसदीय क्षेत्र के सफीदों से रिश्ता है।
- चौथा,सतपाल के नाम पर कांग्रेस के सभी धड़े एकमत होने से पार्टी को एक करने में मदद मिलेगी।
- पांचवां, उनके पक्ष में हरिद्वार से कई दूसरे आश्रम के महंत और संत प्रचार करने सोनीपत आ सकते हैं।
- छठा, वो मूलरूप से जींद के गांगोली के रहने वाले हैं। यह क्षेत्र सफीदों विधानसभा में आने के साथ सोनीपत लोकसभा में भी आता है।

### डॉ सुशील के संग मांगे सफीदों में देवेंद्र सेहरावत ने सतपाल ब्रह्मचारी के लिए वोट

पिछले 10 दिनों से सतपाल ब्रह्मचारी के भाई भी हरियाणा की राजनीति में काफी सक्रिय हो चुके हैं उन्होंने युवा कांग्रेसी नेता देवेंद्र सेहरावत के साथ सफीदों की मण्डी से लेके चौक,गांव चौपाल तक जी तोड़ मेहनत लगा रखी है। जिसमे उन्हें देवेंद्र सेहरावत का भी काफी साथ मिला जिससे वो युवाओं में भी छाप छोड़ते हुए दिखाई दिए ।

सोनीपत सीट बदल सकती है हरियाणा की राजनीति का भूगोल रोहतक के बाद अगर जिस सीट पर सबसे ज्यादा नजर टिकी हुई है वो है सोनीपत की लोकसभा सीट जहां पर बडौली के मोहनलाल और सतपाल ब्रह्मचारी के बीच कड़ी टक्कर चल रही है।

### ब्रह्मचारी के आने के बाद बदला सोनीपत की राजनीति का रुख

पिछले आम चुनावों में सोनीपत से मिली करारी शिकस्त के बाद सोनीपत में कांग्रेस पार्टी काफी कमजोर पड़ गई थी। और बीजेपी अप्रैल महीने के शुरआत में पूरी तरह से आश्वस्त थी की ये सीट मोहनलाल बडौली आराम से जीत जायेंगे मगर जब से ये ऐलान हुआ है कि यहां से कांग्रेस ने सतपाल ब्रह्मचारी को टिकट दी है। बीजेपी के होश उड़े पड़े हुए हैं। अभी तक छेत्रीय सर्वे और चचाओं से साफ दिख रहा है कि सतपाल ब्रह्मचारी मोहन लाल बडौली को सोनीपत लोकसभा सीट पर कड़ी टक्कर देते हुए नजर आ रहे है।

मनोरंजन

गांव मोरखी में शाही लकड़हारा सांग का हुआ मंचन

# सांगी सतपाल की टीम ने किया शाही लकड़हारा सांग का मंचन

**स्वास्तिक न्यूज/विशाल**

**सफीदों।** रूरल अपलिफ्टमेंट सोसाइटी इंडिया के तत्वावधान में उपमंडल के गांव मोरखी के राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला में शाही लकड़हारा सांग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि बार एसोसिएशन के पूर्व सचिख्व अशोक दलाल, राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल के वाईस प्रिंसिपल रामनिवास, एडवोकेट सोनू बिटानी, समाजसेवी कश्मीरी लाल शर्मा व एडवोकेट सतीश दलाल ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोसायटी के सचिख्व प्रमोद कुमार ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। सांगी सतपाल की टीम ने शाही लकड़हारा सांग का मंचन किया। कलाकारों ने सांग का मंचन करते हुए बताया कि यह कहानी जोधपुर में राजा जोधानाथ व रानी रुपाणी की है।

रात को जंगल में जंगली जानवर की आवाज आती है। राजा कहता है शेर की आवाज है तो रानी कहती है गिदड़ की आवाज है। दोनों में शर्त लग जाती है और यह तय हो जाता है कि जो हार जाएगा उसे 12 बर्ष का वनवास होगा। इस शर्त में रानी हार जाती है और गर्भवती रानी रूपाणी को 12 वर्ष के वनवास के लिए वन में जाना पड़ता है। रानी ने जंगल में तपस्या कर रहे एक साधु की कुटिया में शरण ली। कुछ दिन बाद रानी को लड़का पैदा हुआ। साधु ने उसका नाम विरेन्द्र सिंह शाही लकड़हारा रखा। ग्रामीणों ने सांग का जमकर लुत्फ उठाया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि हरियाणवीं संस्कृति को फलीभूत करने व महापुरूषों के जीवन चरित्र को समाज के सामने लाने में सांग का अहम योगदान रहा है। वर्तमान दौर में सांग का मंचन सिमटता चला जा रहा है जोकि एक चिंतनीय विषय है। ऐसे में विलुप्त हो रही सांग की संस्कृति को बचाने में सोसाइटी अपना अहम रोल अदा कर रही है, जिसकी जितनी तारीफ की जाए कम है। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।




## मेवात के पिछड़ेपन का दाग धोया, अब बजेगी रेल की सीटी : इंद्रजीत

**स्वास्तिक न्यूज**

**नूंह।** गुडगांव लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि मेवात में अब रेल की सीटी बजकर रहेगी।

सरकार ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। योजना का खाका तैयार हो रहा है। आने वाले पांच सालों में मेवात के नागरिक रेल का सफर कर सकेंगे। साथ ही नूंह से फिरोजपुर झिरका फोरलेन की डीपीआर भी तैयार हो गई है। इस पर भी जल्द काम शुरू हो जाएगा। राव सोमवार को फिरोजपुर झिरका विधानसभा के गांव गोपालपुर , चांड़ाका , मऊ रानियाला, भांकड़ोंजी, आगोन सक्रास, नगीना, मरोड़ा, उमरा गांवों में अपनी चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि उनके प्रयासों से सरकार ने मेवात में रेल लाने के लिए बजट का प्रावधान कर खाता खोल दिया गया है। शुरूआती तौर पर एक करोड़ रुपए खाते में डाले गए है। तावडू व सोहना के साथ मेवात के आधे हिस्से को पैसेंजर ट्रेन से जोड? के लिए ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर से जोड? की योजना का काम चल रहा है इसे जल्दी पूरा किया जाएगा। नूंह से फिरोजपुर का फोर लेन का कार्य जल्द शुरू होगा केंद्र सरकार की ओर से डीपीआर मंजूर करने का कार्य अंतिम चरण में है। इस बार अधिक से अधिक वोट भाजपा के पक्ष में डालकर अपनी आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित करें।

## 'मतदान के दिन महिलाओं को छोटे बच्चों को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत'

**स्वास्तिक न्यूज/विनय दीवान**

**जींद।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों को लेकर स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में सम्बंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और जरूरी दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की और गर्मी के मौसम के चलते मतदान के दिन बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने हीटवेव से बचाव को लेकर विशेषकर महिलाओं से अपील करते हुए कहा है कि मतदान के दिन महिलाओं को अपने छोटे बच्चों को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत है। महिलाएं मतदान करने जाते समय अपने साथ छोटे बच्चों को साथ लेकर न जाएं ताकि बच्चे गर्मी के प्रकोप से बच सकें। बैठक में एडीसी डॉ हरीश वशिष्ठ, जींद के एसडीएम राकेश सैनी, उचाना के एसडीएम गुलजार मलिक, सफीदों के एसडीएम मनीष कुमार फोगाट, नगराधीश नमिता कुमारी, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज तथा चुनाव कार्यालय के नायब तहसीलदार प्रदीप सरोहा उपस्थित रहे। इसके अलावा नरवाना के एसडीएम अनिल कुमार दून वीसी के माध्यम से बैठक में जुड़े।


उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है, ऐसे में मतदान के दिन हीटवेव के बचाव के लिए पोलिंग बूथों पर सभी मूलभूत सुविधाओं का होना जरूरी है, जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भी जरूरी निर्देश दिए गए हैं। इस कार्य में सेक्टर अधिकारी व सेक्टर सुपरवाईजरों की विशेष भूमिका रहेगी, जिसमें उनको हीटवेव के बचाव के लिए अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करवाना है। ऐसे में सेक्टर अधिकारी व सेक्टर सुपरवाईजरों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए जाएं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर पानी का पर्याप्त प्रबंध हो। मतदाताओं को धूप में खड़ा न रहना पड़े। छाया के लिए टैंट, शैड के साथ-साथ प्राथमिक उपचार हेतू मेडिकल किट, ओआरएस का प्रबंध रखें। उन्होंने कहा कि समय रहते सभी मतदान केन्द्रों पर ये जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि दृष्टिबाधित मतदाताओं के लिए ब्रेल सूची की व्यवस्था की जाए, ताकि दृष्टिहीन मतदाता भी अपना वोट सुविधानुसार डाल सकें। दिव्यांग मतदाता और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए रैम्प आदि की व्यवस्था की जाए। इसी प्रकार मतदान केन्द्र पर इवीएम व वीवीपेट स्थापित करते समय यह ध्यान रहे कि प्रकाश इन मशीनों पर सीधे तौर पर न पड़े और मतदाता द्वारा किये जाने वाले मतदान की गोपनीयता बनाए रखें। प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए एक मतदाता सहायता बूथ स्थापित किया जाए, जिसमें बीएलओ और अधिकारियों की एक टीम होनी चाहिए ताकि मतदाताओं को संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में उनके मतदान केन्द्र और क्रम संख्या का सही पता लग सके। उन्होंने सम्बंधित एआरओ को निर्देश दिये कि पोलिंग पार्टियों को मतदान केन्द्रों पर ले जाने वाली बसों के लिए रूट चार्ट व पार्किंग व्यवस्था को समय रहते दुरूस्त करवा लिया जाए।

# 2 बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

## अधिकारियों के दबाव में आकर युवक ने उठाया खौफनाक कदम

**स्वास्तिक न्यूज/विशाल**

**पानीपत।** हरियाणा के पानीपत जिले में मासिक वेतन को लेकर बजाज फाइनेंस के सीनियर अधिकारियों के साथ कहासुनी और मारपीट मामले में 28 वर्षीय सुमित नाम के युवक ने आत्महत्या कर ली। सुमित पिछले 9 महीने से बजाज फाइनेंस में लोन डिपार्टमेंट विभाग में डीएनए के पद पर कार्यरत था। वह पिछले 20 दिनों से नौकरी पर नहीं जा रहा था। मृतक सुमित की पत्नी ने 2 नामजद आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सामान्य अस्पताल में रखवा दिया है। मृतक सुमित के दो बच्चे हैं। पुलिस ने पत्नी की शिकायत लेकर मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है। स्वास्तिक न्यूज को मिली जानकारी के मुताबिक यह मामला पानीपत की वधावा राम कॉलोनी का है। यहां सुमित ने घर पर कमरे के अंदर पंखे से लटकर फांसी लगा ली। सुमित के शव के पास से सुसाइड नोट मिला है। सुमित ने अपनी मौत का जिम्मेदार बजाज फाइनैंस के ही कर्मचारियों दुर्गाप्रसाद शर्मा और गौरव उपाधयाय को बताया है। परिजनों का आरोप है कि बजाज फाइनेंस के सीनियर अधिकारियों ने सुमित के खाते में फर्जी लोन करवाया और फिर लोन की किस्त भरने के लिए दबाया बनाया, जिससे आहत होकर उसने आत्महत्या कर ली। आरोप है कि आरोपियों ने सैलरी देने के लिए सुमित को बस स्टैंड पर बुलाकर उसके साथ मारपीट की। सुमित मेडिकल करवाने गया तो उससे पहले आरोपियों ने उसी के खिलाफ थाने में शिकायत दे दी। फिलहाल आरोपी फरार है



फाइल फोटो

### सुसाइड नोट लिखकर की आत्महत्या

सुसाइड नोट में लिखा कि मैं सुमित कुमार पुत्र ओमकार सिंह अपने होसो हवास में ये कदम उठा रहा हूँ। मुझे दुर्गा प्रसाद शर्मा और गौरव उपाध्याय ने मारने की और मेरी मेहनत का पैसा रोका है। मैं दुर्गा प्रसाद शर्मा के दबाव में आने से ये कदम उठा रहा हूँ, मेरे व बच्चों व पत्नी को न्याय मिले। यही सरकार से मेरा अनुरोध है। मेरी मौत का जिम्मेदार दुर्गा प्रसाद शर्मा है।

## नहर के खड़े पानी में नहाने उतरा युवक डूबा, मौत



**सफीदों, दीवान:** नगर के बीचोबीच स्थित हांसी ब्रांच नहर के खड़े पानी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृत्तक युवक की पहचान सलमान नाथ (17) निवासी पेहवा हाल निवासी ढेहा कालोनी सफीदों के रूप में हुई है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर सिटी थाना प्रभारी ईश्वर सिंह मौके पर पहुंचे और शव को नहर के पानी से निकलवाकर नगर के नागरिक अस्पताल में रखवाया। वहीं घटना की सूचना पाकर काफी तादाद में परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों ने बताया कि मृत्तक सलमान नाथ कूड़ा बीनने का कार्य करता था। वह सोमवार सांय को कूड़ा बीनकर दो अन्य छोटे-छोटे बच्चों के साथ नहर पर नहाने के लिए पहुंचा। नहर पिछले कई दिनों से बंद पड़ी है और वह नहर के खड़े पानी में यह समझकर उतर गया कि नहर में पानी तो है नहीं और वह आराम से नहा लेगा लेकिन जिस स्थान पर वह उतरा वहां पर खड़े पानी की गहराई अधिक थी और वह पलभर में पानी के आगोश में समा गया। सलमान नाथ को तैरना आता नहीं था और कुछ ही पलों में मौत को प्राप्त हो गया। उसके साथ गए दो बच्चों ने घर पर आकर सूचना दी कि सलमान पानी में डूब गया है। जब तक वे मौके पर पहुंचे और उसे पानी की गहराई से निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

परिजनों ने बताया कि वह अपने नाना-नानी के यहां पिछले कई महीनों से रह रहा था। अभी कई दिन पूर्व उसके माता-पिता उसे लेने के लिए भी आए थे लेकिन वह यह कहकर नहीं गया कि वह तो अभी नाना-नानी के पास ही रहेगा। इस मामले में सिटी थाना प्रभारी ईश्वर सिंह का कहना है कि उन्हे इस घटना की सूचना मिली थी और सूचना मिलते ही वे नहर पर पहुंचे। सलमान को नहर के पानी से बाहर निकलवाया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## 19 बोतल शराब बरामद

**स्वास्तिक न्यूज/ विशाल**

**सफीदों** पुलिस ने दो लोगों से 19 बोतल शराब बरामद की है। गश्त के दौरान सफीदों पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ताराबस्ती कालोनी सफीदों निवासी सोनु कालोनी में अवैध शराब बेचने का काम करता है तथा वह रेलवे फाटक के पास गोदाम के पीछे अवैध शराब बेच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर रेड की तो एक व्यक्ति एक सफेद प्लास्टिक कट्टा अपने कंधे पर रखे हुए दिखाई दिया। पुलिस पार्टी को अपनी ओर आता देखकर वह घबराकर प्लास्टिक का कट्टा जमीन पर गिराकर मौके से भाग गया। पुलिस ने प्लास्टिक के कट्टे को खोलकर चेक किया तो उसमें से 9 बोतल शराब देशी मार्का माल्टा बरामद हुई। वहीं दूसरे मामले में पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वार्ड नंबर 3 सफीदों निवासी रणधीर अपने मकान के बाहर गली में अवैध शराब बेच रहा है।

सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि एक व्यक्ति प्लास्टिक का कट्टा जमीन पर रखकर खड़ा था और वह पुलिस पार्टी को देखकर एकदम से घबरा गया तथा कट्टे को उठाकर तेज-तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस ने उसे किसी तरह से काबू किया और पूछताछ में उसने अपना नाम रणधीर बतलाया। पुलिस ने प्लास्टिक का कट्टा खोलकर चैक किया तो 10 बोतल शराब देशी मार्का माल्टा मिली। पुलिस ने रणधीर से शराब के बारे में लाइसेंस या परमिट मांगा तो वह कोई लाईसेंस या परमिट पेश नहीं कर पाया। पुलिस ने दोनों मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को वैक्सीनेशन के प्रति किया जागरूक

**स्वास्तिक न्यूज/अनु शर्मा**

**सफीदों।** स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र भुसलाना में लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग की गई। इस मौके पर सीएचओ प्रदीप यादव व एमपीएचडब्ल्यू लक्ष्मी मौजूद थीं। स्वास्थ्य विभाग की टीम 30 वर्ष से अधिक आयु वाले लोगों की स्क्रीनिंग की गई और खाने पीने के बारे में उनकी काउंसलिंग की गई।

वहीं लोगो को बीसीजी वैक्सीनेशन करवाने के बारे में जागरूक किया गया। हेल्थ टीम द्वारा खातला गांव की हेचरी की विजिट की गई। वहां पर बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया।

टीम ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि वे सप्ताह में एक दिन ड्राई डे जरूर मनाए ताकि आने वाले समय में डेंगू जैसी भयानक बीमारी से बचा जा सके। इसके अलावा अपने-अपने घरों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।



# जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का मन बना चुकी है: मंत्री सतपाल

**स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दीवान**

**सफीदों।** उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने सफीदों में भाजपा कार्यकत्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने देश को आगे बढ़ाने व जनता तक ज्यादा से ज्यादा सहुलियतें पहुंचाने के लिए दिन रात एक करके कार्य किए हैं।

केंद्र सरकार ने लोगों को घर, शौचालय, गैस, राशन, शिक्षा, इलाज की व्यवस्थाएं प्रदान की हैं। सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली, सड़क व बुनियादी ढांचे पर विशेष रूप से कार्य किया है।

मंत्री सतपाल महाराज ने सरकार की कई उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि 500 साल बाद अयोध्या में राम का मंदिर बन गया है, जहां मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम विराजमान हैं, जोकि देश के लिए बहुत बड़ा गौरव है। देश की जनता का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अटूट भरोसा है।

जनता मतदान के हर चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास, सुरक्षा एवं सुशासन को लेकर वोट कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता ने प्रचंड बहुमत के साथ पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है और भाजपा 400 पार करके केंद्र में फिर से सरकार बनाएगी।

इस मौके पर कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राज कुमार मोर,बच्चन सिंह आर्य, विजयपाल एडवोकेट सदस्य राष्ट्रीय परिषद, कविता शर्मा, सक्षम भाटिया, अखिल गुप्ता, ललित मितल, विशेष रूप से मौजूद थे।



## खबर सुनते ही पुलिस ने मारा छापा, 120 लीटर लाहण बरामद

**स्वास्तिक न्यूज विशाल/सफीदों:** सफीदों पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से 120 लीटर लाहण बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव निमनाबाद का सिंदर सिंह अपने घर में कच्ची शराब बेचने का काम करता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर रेड की घर के आंगन में सिंदर सिंह ड्रम में हाथ मार रहा था और वह पुलिस पार्टी को देखकर दीवार कूदकर भाग गया। पुलिस ने वहां पर रखे ड्रम को चेक किया तो उसमें से 120 लीटर लाहण कास्त शराब बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## खुलेआम चल रहा अवैध शराब का धंधा,पुलिस ने मारा छापा तो मिली 17 बोतल शराब की

**स्वास्तिक न्यूज/विशाल/सफीदों:** सफीदों पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से 17 बोतल शराब बरामद की है। गश्त के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव मुआना में देवी सिंह नामक व्यक्ति अपनी दुकान के सामने सड़क के किनारे शराब बेचने का धंधा करता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर रेड की तो एक नौजवान लड़का अपने हाथ में प्लास्टिक कट्टा लेकर खड़ा हुआ था। पुलिस पार्टी को देखकर वह सड़क किनारे वापिस मुड़कर तेज-तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस ने उसे किसी तरह से काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम देवी सिंह निवासी मुआना बतलाया। पुलिस ने उसके पास मिले प्लास्टिक कट्टे को चैक किया तो उसमें शराब ठेका देशी की 17 बोतल बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हरियाणा संशोधित आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## सफीदों में फिर सक्रिय हुई,चोरी करने वाली गैंग,शिव कॉलोनी में निजी कंपनी के टावर में लगे बीटीएस कार्ड चुराए

**विशाल स्वास्तिक न्यूज /सफीदों:** नगर की शिव कालोनी में एक निजी कंपनी के लगे मोबाइल टावर से बीटीएस कार्ड चोरी हो गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। सफीदों पुलिस को दी शिकायत में गांव आहुलाना (सोनीपत) निवासी कुलदीप ने कहा कि वह एसजी कंपनी में बतौर सुपरवाईजर कार्यरत हु। मोबाइल कंपनी का एक टावर सफीदों शिव कालोनी में लगा हुआ है। 16 अप्रैल की दोपहर को टावर के डाऊन का अलार्म मिला। हमने टावर पर जाकर देखा तो टावर पर लगे बीटीएस कार्ड नही मिले, जिसकी वजह से टावर बंद हो रहा था। हमने उनकी काफी तलाश की लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

## लोहारू जल सेवाएं मंडल द्वारा नहरों में न नहाने की एडवाइजरी जारी

लोहारू। गर्मी के मौसम के मध्यनजर आमजन और पशुओं को पीने के पानी के लिए लोहारु, बहल, बाढडा आदि क्षेत्रों की नहरों में पानी चल रहा है जो आगामी 15 दिन तक निरन्तर चलने की सम्भावना है। संज्ञान में आया है कि कुछ शरारती तत्व नहरों में नहाते हैं तथा तैरना न आने की वजह से नहरी पानी में डूब जाते हैं जिसके कारण पानी की सप्लाई को रुकवाना पड़ता है। जिससे जलघरों में वॉटर टैंक तथा तालाब खाली रह जाते हैं और पेयजल और पशुओं को पीने के पानी की बड़ी दिक्कत आ जाती है। इसलिए लोहारू जल सेवाएं मण्डल के कार्यकारी अभियंता राकेश सैनी द्वारा नहरों में न नहाने की हिदायत की जारी की है।

उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में भूमिगत जल का स्तर काफी गहराई पर होने के कारण आमजन की समस्या के मद्देनजर जलघरों तथा सार्वजनिक तालाबों को नहरी पानी से भरा जाता है। संज्ञान में आया है कि कुछ शरारती तत्व नहरों में नहाते हैं तथा तैरना न आने की वजह से नहरी पानी में डूब जाते हैं जिसके कारण पानी की सप्लाई को रुकवाना पड़ता है। जिससे जलघरों में वॉटर टैंक और तालाब खाली रह जाते हैं जिससे आमजन और पशु पक्षियों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो पाता है। लोहारू जल सेवाएं मण्डल के कार्यकारी अभियंता राकेश सैनी ने इस भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए आमजन से नहरों में न नहाने के लिए अपील की है ताकि नहरी पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

## इंडिया गठबंधन प्रदेश की सभी दस सीटों पर जीत दर्ज करेगा : राजकुमार सैनी

**स्वास्तिक न्यूज**

**असन्ध।** राहुल गांधी ने देश को बचाने के लिए पूरे देश भर में यात्रा निकाली,जिस दौरान उनकी सामने आई सोच से वे बेहद प्रभावित हुए। राहुल गांधी ने जो मुद्दे उठाए,वे देश के हर व्यक्ति को न्याय दिलाने वाले थे। यही मुद्दे वे लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के बैनर तले कई वर्षों से उठा रहे है। जब उद्देश्य एक ही है तो प्लेटफार्म भी एक ही होना चाहिए। इसी उद्देश्य के चलते उन्होंने बिना शर्त इंडिया गठबंधन को समर्थन देने का एलान किया है। उपरोक्त विचार लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के सुप्रीमो पूर्व सांसद राजकुमार सैनी ने करनाल रोड पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहे ।? उन्होंने कहा कि राहुल गांधी तथा इंडिया गठबंधन के नेताओं ने सामाजिक हिस्सेदारी की आवाज उठाई है । जातिगत जनगणना के आधार पर उनका हिस्सा देने और समानता लाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि अब वे इंडिया गठबंधन के लिए पूरी लग्न से कार्य करेगें। सैनी ने कहा कि प्रदेश की सभी दस सीटों पर इंडिया गठबंधन जीत दर्ज करेगा । सैनी ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा के पक्ष में वोट की अपील की । उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि करनाल लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा को अधिक से अधिक मतों से जिताने का काम करे।

# पानीपत में विधवा महिला के घर में लगी आग, सारा सामान हुआ जलकर राख

### विकास नगर की गली नंबर 6 के एक मकान में देर रात लगी आग, विधवा महिला को सुबह लगा पता

**स्वास्तिक न्यूज/विशाल**

**पानीपत।** हरियाणा के पानीपत जिले में एनएफएल विकास नगर की गली नंबर 6 के एक मकान में रविवार देर रात आग लग गई। यहां रहने वाली विधवा महिला ज्यादा गर्मी होने की वजह से अपने बेटे के साथ मकान की छत पर सो रही थी।

### सुबह उठने के बाद पता लगी आग की खबर

सोमवार अलसुबह आग से मकान तप जाने और धुआं उठने के बाद आग लगने का पता चला। जब तक वे नीचे पहुंचे, तब तक घर का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। अनुमान है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी होगी।

### गैस सिलेंडर फटने से बचा,वरना हो सकता था जान का भी खतरा

गनीमत रही कि इस दौरान कमरे पर रखा गैस सिलेंडर नहीं फटा, वरना बड़ा हादसा हो सकता है। पड़ोसी और साथी किरायेदारों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और घर के सारे जले सामान को बाहर निकाला।

### जले हुए सामान के पास बैठा परिवार और आग में काला पड़ा सिलेंडर

जले हुए सामान के पास बैठा परिवार और आग में काला पड़ा सिलेंडर, बता दें कि विधवा महिला के पति का 26 साल पहले देहांत हो चुका है। जानकारी देते हुए वृद्ध विधवा महिला सुशीला ने बताया कि वह मूल रूप से सोनीपत जिले के बिटाना गांव की रहने वाली है। उसके पति का करीब 26 साल पहले देहांत हो चुका है। इसके बाद से वह अपने बेटे के साथ पानीपत में किराये पर रहती है और फैक्ट्री में दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करती है। पिछले तीन साल से महिला विकास नगर में अपने बेटे के साथ किराये पर रह रही है। रविवार की रात करीब साढ़े दस बजे वह छत पर सो गए थे। सोमवार की सुबह ही आग लगने का पता चला। तब तक घर का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। इसमें उनकी बेड, चारपाई, कपड़े, पंखे तक शामिल थे। अब उनके पास कुछ नहीं बचा। उन्होंने प्रशासन से भी आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की कुरुक्षेत्र में दहाड़

## बोले- चार जून का परिणाम सत्यमेव जयते का परिणाम होगा

**स्वास्तिक न्यूज/सुनिल कमानिया**

**कुरुक्षेत्र।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चंडीगढ़ में रैली को संबोधित करने के बाद आज धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में विजय संकल्प रैली के लिए अनाज मंडी में पहुंचे। अपने संबोधन में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस धरा ने असत्य पर सत्य का संदेश दिया व धर्मयुद्ध की भूमि के नाम से कुरुक्षेत्र को जाना जाता है। जहां पर धर्म और न्याय के लिए युद्ध लड़ा गया। इसी कड़ी में आगामी 4 जून का परिणाम सत्यमेव जयते का परिणाम होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि बेटी और व्यापारी के लिए जो सुरक्षा में रोड़ा बनेगा उसके लिए जेल नहीं जहनुम का रास्ता होगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि काशी और अयोध्या की बारी के बाद अब मथुरा की बारी है हमारा प्रयास भी मथुरा की ओर है और उसकी शुरूआत कुरुक्षेत्र से है।उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र का ब्रह्मसरोवर एक धाम बन चुका है मोदी के नेतृत्व में आज भारत बदल रहा है। आज देश की सीमाएं सुरक्षित है। आज घुसपैठियों घुसपैठ नहीं कर सकते। आज नक्सलवाद की समस्या का समाधान हुआ। आज अगर पटाखा जोर से फटता है तो पाकिस्तान भी सफाई देता है, हम शांति के पक्षधर हैं। प्रधानमंत्री मोदी कि,की जमकर तारीफ,उनके राज में आज देश बदल रहा है,जिनको पाकिस्तान से लगाव है वो भारत छोड़ पाकिस्तान जाएं* आज भारत मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज पाकिस्तान अपना अलग राग लापता है। जिन्हें पाकिस्तान जाना है वो पाकिस्तान चले जाएं और जो राग पाकिस्तान का अलापते हैं।

SWASTIK NEWS

# स्वास्तिक न्यूज

सफीदों से प्रकाशित मासिक हिन्दी समाचार पत्र

संपादक: विनय दिवान (मो. 94160-73460) उप संपादक: अभिषेक दिवान (मो. 74047-09000)

स्वास्तिक न्यूज एजेंसी
नाम परिवर्तन, बेदखली वह अन्य किसी भी अंग्रेजी हिंदी अखबार में विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
M: 7404709000
M: 9416073460

swastiknewssafidon@gmail.com | सफीदों | मंगलवार 21 मई, 2024 | वर्ष:03 | अंक :07 | प्रति शुल्क:2/- | RNI No. HARHIN/11380

# जमीन से जुड़े मोहन लाल बडौली की जीत कन्फर्म, सफीदों में है एकतरफा माहौलः बच्चन सिंह आर्य

## बच्चन सिंह आर्य कर चुके हैं बडौली की 2 लाख से ज्यादा वोटों से जीत का दावा










**स्वस्तिक न्यूज/अभिषेक दिवान**

हरियाणा में राजनीतिक माहौल अपने चरम पर है। कुछ ऐसा ही हाल सोनीपत का भी है। जहां बच्चन सिंह आर्य जैसे राजनीतिक दिग्गज मोहनलाल बडौली की 2 लाख से ज्यादा वोटों से जीत का दावा कर रहे हैं। गौरतलब हो कि बच्चन सिंह आर्य दो बार यहां से विधायक रह चुके हैं। 1990 में पहली बार कांग्रेस पार्टी से विधायक बने बच्चन सिंह आर्य उस समय की कांग्रेस सरकार में मंत्री भी रहे थे तथा दूसरी बार 2005 के चुनाव में कांग्रेस से टिकट कटने पर निर्दलीय चुनाव जीत कर विधायक रह चुके हैं। उसके बाद बच्चन सिंह आर्य ने कांग्रेस छोड़ बीजेपी ज्वाइन कर ली। आज पत्रकारों से रूबरू होते हुए बच्चन सिंह आर्य ने कहा कि बीजेपी के राज में आज घर, गैस, बिजली बिल महिला के नाम पर है। बीजेपी सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए काफी काम किए हैं। बच्चन सिंह ने कहा कि बीजेपी के राज में अब बिचौलियों के लिए गरीबों को लूटना मुश्किल हो गया है। उन्होंने ट्रांसपिरेंसी की बात कही। उन्होंने कहा, "अब बिचौलियों के लिए गरीबों को लूटना मुश्किल हो गया है. डायरेक्ट बैनिफिट स्कीम से लोग लूटने से बचे. कांग्रेस के पीएम ने कहा था- एक रुपये भेजते हैं 15 पैसे पहुंचते हैं. हमने 30 लाख करोड़ भेजे, पूरे पहुंचे. हमने 10 करोड़ फर्जी नाम हटाए. उनकी व्यवस्था ऐसी थी, जिस बेटी का जन्म नहीं हुआ, उसे विधवा पेंशन जाती थी. हमने फर्जी नामों को हटाने से 3 लाख करोड़ रुपया गलत हाथों में जाने से बचाया."। उन्होंने कहा कि सोनीपत से जीत निश्चित है अभी बस जीत का मार्जिन बढ़ाने के लिए मेहनत कर रहे हैं। आपको गौरतलब हो कि रमेश चंद्र कौशिक की टिकट काटकर बीजेपी ने अबकी बार मोहनलाल बडोली को हरियाणा के सोनीपत लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी बनाया हैं। 2019 के हरियाणा विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की टिकट से राई विधानसभा से विधायक बने मोहनलाल बडौली ने 1995 में मंडल अध्यक्ष (मुरथल) का पद संभाला । मोहनलाल बडौली को पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के दौरान जिला परिषद के रूप में भी चुना गया था। 2019 में, उन्होंने विधान सभा चुनाव में 2,663 वोटों के अंतर से जीत दर्ज करके विधायक बने। मोहनलाल राई विधानसभा सीट से चुनाव जीतने वाले पहले बीजेपी उम्मीदवार हैं। उनसे पहले अभी तक बीजेपी का कोई उम्मीदवार यहां से चुनाव नही जीत पाया है। मोहन लाल बड़ौली 1989 की शुरूआत से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए थे।

### व्यक्तिगत जीवन

मोहन लाल बडोली का जन्म 1963 में हरियाणा के सोनीपत जिले की राई तहसील के बडोली गांव में हुआ था। उनके पिता, कली राम कौशिक, अपने गाँव में एक प्रतिष्ठित कवि थे और जांटी, सोनीपत के कवि पंडित लखमी चंद के शौकीन थे। वह एक किसान और व्यापारी हैं।

बडोली ने अपनी मैट्रिकुलेशन (हाई स्कूल का अंतिम वर्ष) जीएसएसएस, खेवड़ा, सोनीपत से पूरी की। इसके बाद उन्होंने सोनीपत के बहालगढ़ चौक के पास कपड़ा मार्केट में एक दुकान चलाई।

### राजनीतिक कैरियर

बडोली 1989 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में शामिल हुए और बाद में भाजपा में शामिल हो गए। वह सोनीपत क्षेत्र के बहुत कम भाजपा पार्टी कार्यकताओं में से थे। इनेलो शासन के दौरान मुरथल से जिला परिषद का चुनाव जीतने वाले वह पहले भाजपा उम्मीदवार थे। 2019 में, बडोली को हरियाणा विधान सभा चुनाव, 2019 के लिए सोनीपत के राय निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार के रूप में नामित किया गया था। वह इस सीट पर जीत हासिल करने में सक्षम थे, जिसे कांग्रेस के लिए एक निश्चित सीट माना जाता था।




### सोनीपत सीट पर क्यों हैं सबकी नजर

पिछले लोकसभा चुनाव में रमेश चंद्र कौशिक ने बीजेपी की टिकट से चुनाव लड़ते हुए कांग्रेस के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुडा को 1,60,000 से ज्यादा वोटों से हराया था। अबकी बार ना ही रमेशचंद्र कौशिक मैदान में है ना ही हुडा। दिलचस्प देखना होगा की अपनी अद्भुत शैली एवम् सरल स्वभाव से प्रसिद्ध मोहन लाल बडौली बीजेपी का कमल खिला पाएंगे या नहीं। 2020 में बडौली को भाजपा सोनीपत का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा, 2021 में उन्हें प्रदेश महामन्त्री के पद के साथ हरियाणा भाजपा की कोर टीम में भी शामिल किया गया।

# कांग्रेस में नहीं थम रही गुटबाजी, लोकसभा चुनाव के मतदान के 5 दिन पहले फिर दिखी अनबन

## हरियाणा की सियासत में गुटबाजी चरम पर, किरण चौधरी ने लगाया फिर से बड़ा आरोप

**स्वास्तिक न्यूज/सुनिल कमानिया**





**तौशामः** पूर्व मंत्री और तोशाम से मौजूदा विधायक किरण चौधरी ने उनकी और उनकी बेटी की अनदेखी और राजनीतिक तौर पर खत्म करने तथा मारने का आरोप लगाकर हरियाणा कांग्रेस की राजनीति में भूचाल ला दिया है। उन्होंने साफ कहा कि यहां पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया और प्रदेशाध्यक्ष उदयभान यहां आए मगर मुझे कोई सूचना ही नहीं दी गई। कांग्रेस नेता किरण चौधरी के बयान से हरियाणा की सियासत में भूचाल आ गया। किरण चौधरी ने आरोप लगाया है कि मुझे और श्रुति को सियासी तौर पर मारने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि हमें जनता मारे तो मरेंगे लेकिन किसी और के मारने से मरने वाले नहीं हैं। किरण चौधरी का आरोप कि जा रही है पार्टी में बेइज्जती!: किरण चौधरी ने कहा कि मैं जहां से पांच बार से विधायक हूं, वहां बैठक की जाती है, मगर मुझे कोई सूचना नहीं दी जाती। प्रत्याशी राव दान सिंह को दो दिन में मैंने कई बार कॉल किया मगर वे मेरा फोन ही नहीं उठा रहे। यह एक तरफ से बेइज्जती की जा रही है। हमारे बारे में सोचते हैं कि इन्हें खत्म कर दो, मार दो पूरी तरह से,इनका नाम राजनीति से खत्म कर दो।

### जनता मारे तो मरेंगे:

किरण चौधरी ने कहा कि सभी एक होकर चलते और एक मंच पर आते तो एकता का संदेश जाता। पर ये क्या संदेश देना चाहते हैं पता नहीं। उन्होंने फिर दोहराया कि हमें जनता मारे तो मरेंगे किसी औरों के मारने से मरने वाले नहीं हैं। किरण चौधरी ने इससे पहले बेटी श्रुति की टिकट कटने पर इशारों ही इशारों में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर षड्यंत्र रचने का भी आरोप लगाया था।

### मैं पार्टी की समर्पित सिपाही हूं:

किरण चौधरी सिरसा में प्रचार कर रविवार को भिवानी अपने आवास पर पहुंची। यहां आने के बाद वह खुलकर बोली और कुछ नेताओं पर गंभीर आरोप भी लगाए। पूर्व मंत्री ने सबसे पहले सिरसा लोकसभा क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि वहां कुमारी सैलजा को लोगों का भारी समर्थन मिल रहा है। मैं पार्टी की समर्पित सिपाही हूं। प्रत्याशी दान सिंह ने कहा तो तोशाम में दोनों दफ्तर खुलवाए और खुलकर उनके समर्थन में आवाज उठाई। मगर अब दान सिंह मेरा फोन नहीं उठा रहें है। ये सबको पता है वो किसके इशारे पर हैं या क्या सोच कर फोन नहीं उठा रहें है।

किरण चौधरी ने नकारा कांग्रेस छोड़ने की बातों कोः किरण चौधरी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह कांग्रेस पार्टी की सच्ची सिपाही है। और कांग्रेस पार्टी छोड़ने का कोई मतलब ही नहीं है। उन्होंने और उनके परिवार ने कांग्रेस पार्टी को अपने मेहनत के पसीने से सींचा हैं। वो पार्टी के लिए कुछ भी करने को हैं तैयार।।

# करनाल में पति ने शराब के नशे में पत्नी को लगाया करंट, गुप्तांग पर लगी चोट

## शराब के नशे में बच्चों पर भी उठाया हाथ, बड़ी बेशर्मी से बच्चों को पीटा

**स्वास्तिक न्यूज/सुनिल कमानिया**

करनालः हरियाणा में करनाल के नगला फार्म में एक पत्नी ने अपने पति पर दारू पीकर उसको व उसके बच्चों को पीटने के आरोप लगाए हैं। इसके साथ ही करंट भी लगाया और बाल पकड़कर मारपीट भी की। सास, ससुर और पड़ोसियों ने बीच बचाव किया। हालांकि पत्नी ने एक साल से तलाक का केस भी डाला हुआ है। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने महिला व घायल बच्चों को अस्पताल में भर्ती करवाया। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 8 मई की रात की हुई थी बीवी और बच्चों के साथ मारपीट

गांव नगला फार्म निवासी पीड़िता की शादी मदन लाल के साथ हुई थी। पति शराब का आदी था और उसे बार बार पीटता रहता था। जिससे परेशान होकर पत्नी ने अपने पति के खिलाफ तलाक का केस डाल दिया था, जो अभी न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़िता का आरोप है कि 18 मई की रात 9 बजे मदन लाल घर पर आया और दारू पीकर उसे व उसके बच्चों को पीटने लगा। इसके साथ ही बिजली का करंट भी लगाने लगा और बाल पकड़कर मारपीट शुरू कर दी।

### ससुर व पड़ोसियों ने मौके पर किया था बीच बचाव

पीड़िता ने बताया है कि मेरे ससुर और आसपास के पड़ोसियों ने बीच बचाव किया। थोड़ी देर बाद करीब साढ़े 11 बजे मेरे गुप्तांग पर लात मारी। जिससे ब्लडिंग शुरू हो गई। मेरी छाती पर भी ईंट से वार किया और कुल्हाड़ी से घर के दरवाजों को तोड़ दिया। बच्चों को भी खूब पीटा। जिसके बाद उसने डायल 112 को सूचित किया गया। पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। मेडिकल करवाने के बाद शिकायत पुलिस को दी गई।

### महिला की शिकायत पर मामला दर्ज,पुलिस छानबीन करने में जुटी

सिटी थाना के जांच अधिकारी मनजीत ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर आगामी कार्रवाई



अमल में लाई जाएगी। पुलिस अपनी तरफ से करवाई करने में जुट गई है और सबूत ढूंढने में लग गई हैं।।

# लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट' जगह जगह पर बैरिकेड्स के साथ पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा

## जिले के चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात,चुनाव से पहले शराब और अवैध हथियार की तस्करी रोकने के लिए तलाशी अभियान शुरू

**हरियाणा/स्वास्तिक न्यूज/सुनिल कमानियाः**

**गोहाना।** हरियाणा में लोकसभा चुनावों को लेकर 25 मई को मतदान होने हैं, जिसे लेकर कुछ दिन बचे हैं और इसी को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है।

गोहाना में लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। पुलिस प्रशासन ने शहर में आने-जाने वाले मुख्य मार्गों से लेकर शहर में पुलिस सुरक्षा को बड़ा दिया है। साथ ही बारीकी से गाड़ियों की चेकिंग की जा रही है।

मौके पर मौजूद ड्यूटी मजिस्टेट राकेश गुलिया की माने तो चुनाव के दौरान अवैध हथियारों और शराब की तस्करी पर उनकी पेनी नजर रहेगी गाड़ियों की चेकिंग के साथ-साथ उनकी वीडियो ग्राफी की करवाई जा रही है।

हरियाणा के सोनीपत लोकसभा सीट पर छठवें चरण के अंतर्गत 25 मई को मतदान होना है ऐसे में और सोनीपत जिला दिल्ली और उत्तर प्रदेश की सीमाओं से सटा हुआ है। कई बार देखा गया है की यूपी और दिल्ली से शराब और अवैध हथियार आसानी से हो सकता है। जिसके चलते पुलिस ने पहले से ही इसको देखते हुए पुलिस सुरक्षा को बड़ा दिया है।

साथ ही हाइवे पर पुलिस नाके लगाकर गाड़ियों की चेकिंग की जा रही है और शराब और अवैध हथियारों की तस्करों पर नजर रखी जा रही है। वाहनों में नकदी के अलावा शराब आदि तो नहीं सप्लाई हो रही है।



# 'बीजेपी और जेजेपी वाले हमारे यहां वोट मांगने न आएं' घर के बाहर लोगों ने पोस्टर लगाकर जताया विरोध

## दोनों पार्टियों ने गठबंधन तो तोड़ा, मगर अभी भी दोनो को एक ही समझ के कर रहे हैं लोग विरोध

**स्वास्तिक न्यूज/सुनिल कमानिया**

**अंबालाः** हरियाणा में चुनावी समय चल रहा है सभी उम्मीदवार चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। जगह-जगह जाकर वोट की अपील कर रहे हैं। भाजपा पार्टी का कई जगह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं अंबाला से लगते मछौंडा गांव में लोगों ने अपने घरों के बाहर बड़े-बड़े अक्षरों में पोस्टर लगाया है जिसमें लिखा गया है कि बीजेपी और जेजेपी वाले हमारे यहां वोट मांगने न आएं।




गांवों वालों ने पोस्टर लगाने के कई कारण गिनाए, जिसमें उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों से गांव के हालात बत से बतर हो चुके हैं। बरसात के समय तो यहां पर बहुत ही बुरा हाल हो जाता है। रोजगार की बात करें तो पिछले 10 सालों से गांव के किसी बच्चे को रोजगार नहीं मिला और किसान से संबंधित समस्या की बात करें तो 21 साल के शुभकरण को गोलियां चलाकर मार दिया, न हमें दिल्ली जाने दिया। संवैधानिक अधिकार के तहत पर हमें दिल्ली नहीं जाने दिया तो हम इनको कैसे अपने घरों और गांव में आने दे। हम सभी से अपील करते हैं कि सब अपने घरों के आगे बीजेपी और जेजेपी के लिए बोर्ड लगाए, ताकि इनको अपनी असलियत

स्वास्तिक न्यूज पेपर के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक विनय दिवान द्वारा बी.डी. कॉर्प प्रिंटिंग प्रैस, प्लॉट न. 42-43, सेक्टर 29, पानीपत-132103 से मुद्रित तथा स्वास्तिक न्यूज कार्यालय गागड़ा मोहल्ला, मेन बाजार, वार्ड न. 8, सफीदों शहर शहर-126112 हरियाणा से जारी। सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता विनय दिवान। मो. 94160-73460, समाचार से सम्बन्धित सभी विवादों का कार्यक्षेत्र सिर्फ सफीदों अदालत में होगा। RNI Reg. No. HARHIN/11380 Email swastiknewssafidon@gmail.com

# गर्मी का घातक अलर्ट जारी: दिल्ली-एनसीआर में आसमान से बरस रही आग

**स्वास्तिक न्यूज संवाददाता**

**दिल्ली-एनसीआर:** देश की राजधानी दिल्ली में चिलचिलाती धूप और लू के चलते लोगों का बुरा हाल है। तापमान लगातार बढ़ रहा है। कूलर हो या पंखा कहीं भी राहत नहीं मिल रही है। सिर का पसीना पैर तक आ रहा है। आने वाले दिनों में भी इस प्रकोप से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने दो से तीन दिन तक दिल्ली-एनसीआर गर्म हवाओं का रेड अलर्ट जारी किया है। आपको बता दे कि रेड अलर्ट को सबसे घातक अलर्ट माना जाता है। पिछले तीन दिनों से लगातार दिल्ली-एनसीआर को गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को झुलसाया। नजफगढ़ दिल्ली का ही नहीं बल्कि देश में सबसे गर्म रहा। रविवार को यहां का अधिकतम तापमान 47.8 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से सात डिग्री ज्यादा है।



### अधिकतम और न्यूनतम तापमान

सफदरजंग में अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4 डिग्री ज्यादा है।

रविवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से दो डिग्री अधिक 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली के मंगेशपुर, नजफगढ़ और पीतमपुरा में भी अधिकतम तापमान 47 डिग्री से अधिक रहा।

### चार जगहों पर तापमान 46 डिग्री से अधिक

वहीं, चार जगहों पर यह 46 डिग्री से अधिक रहा। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो इस समय थार और पाकिस्तान से लगातार गर्म हवाएं दिल्ली पहुंच रही हैं। इसकी वजह से गर्मी कम नहीं हो रही है। इन गर्म हवाओं को रोकने वाला कोई वेस्टर्न डिस्टरबेंस अभी सक्रिय होता नहीं दिख रहा है। जिसके चलते लोगों को अभी गर्मी का मार झेलनी पड़ पड़ेगी।

### आने वाले दिनों में मौसम का हाल

मौसम विभाग की मानें तो आज अधिकतम तापमान 44 और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहने की संभावना है। इस दौरान तेज शुष्क हवाएं चलेंगी। 22 और 23 मई को अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 44 और 29 डिग्री रहने की संभावना है। इसके बाद 24 और 25 मई को अधिकतम तापमान 45 और न्यूनतम तापमान 29 रह सकता है। दिल्ली में 25 मई तक गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। गर्मी का आलम यह है कि दिल्ली में काम करने से उनके स्वास्थ्य पर इस समय सबसे खराब असर पड़ रहा है।

### बच्चे और बुजुर्ग न निकले घर से बाहर

मौसम विभाग ने सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि अगले तीन दिन तक गर्मी चरम पर रहने वाली है। बच्चों और बुजुर्गों को घर से निकलने के लिए परहेज करना चाहिए।।

# रेवाड़ी में हुआ भीषण सड़क हादसा, तीन लोगों की मौत

**स्वास्तिक न्यूज संवाददाता**

रेवाड़ी। हरियाणा के रेवाड़ी जिले में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। सड़क हादसे की वजह से सवार 3 लोगों की मौत हो गई।

बाइक पर सवार तीनों फरीदाबाद के रहने वाले थे। स्वास्तिक न्यूज को मिली जानकारी के अनुसार बाइक पर कुल तीन सवार थे जिनमे से एक पुरुष चालक और 2 महिला शामिल थीं। मृतको की पहचान नेहरू कॉलोनी निवासी नीरज शर्मा और सुमन लता के रूप में हुई। एक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है।

**दिल्ली जयपुर हाईवे पर हुआ भीषण सड़क हादसा**

यह हादसा गुरुग्राम रेवाड़ी सीमा पर हुआ है। पुलिस को पता लगते ही स्थानीय पुलिस मौके पर वहा पहुंची और आगे की कार्रवाई करने में जुट गई। स्वास्तिक न्यूज को मिली जानकारी के अनुसार, जयपुर से दिल्ली जा रही एक बाइक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई।

इसमें एक युवक और दो युवती समेत 3 लोग सवार थे। यह हादसा गुरुग्राम रेवाड़ी सीमा पर हुआ है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। और पुलिस आगे की औपचारिकता पूरी करने में जुट गई है।

# स्वाति मालीवाल से छेड़खानी करने वाला आरोपी पीए 5 दिन के रिमांड पर

स्वास्तिक न्यूज/सुनिल कमानिया/नई दिल्ली:आम आदमी पार्टी का समय पिछले डेढ़ दो साल से जितना बुरा चल रहा है शायद ही किसी राजनीतिक पार्टी का गया हो,केजरीवाल को मुस्किल से बेल मिली थी की अब आम आदमी पार्टी की ही सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले का मामला रविवार को भी हाई वोल्टेज वाला रहा। दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास पर पहुंच कर सीसीटीवी रिकॉर्डर (डीबीडी) जब्त किया। पुलिस ने कहा, सबूतों से छेड़छाड़ की धाराएं भी जोड़ी जाएंगी। हमले के आरोपी सीएम के पूर्व पीए बिभव कुमार को 5 दिन के रिमांड पर सौंपा है। पुलिस ने विभव से गहन पूछताछ के लिए करीब डेढ़ सौ सवालों की एक लिस्ट तैयार की गई है।

उधर, भाजपा मुख्यालय तक आप के मार्च को देखते हुए पुलिस ने पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी। आप दफ्तर से थोड़ी दूर तक निकले मार्च को मंजूरी नहीं होने का हवाला देकर पुलिस ने रोक दिया।

### केजरीवाल ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

सीएम केजरीवाल ने विरोध मार्च से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भाजपा ऑपरेशन झाड़ू चला रही है। इसलिए आप नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, चुनाव के बाद हमारी पार्टी के खाते बंद करने का प्लान है। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा, भाजपा के इशारे पर दिल्ली पुलिस मामले की एफआईआर और डेली



डायरी की कॉपी बांटने में लगी हुई है।

### निर्भया को इंसाफ दिलाने वाले आरोपी को बचाने के लिए सड़कों पर

सांसद स्वाति मालीवाल ने अपनी ही पार्टी पर तंज कसते हुए कहा है कि किसी दौर में हमारी पार्टी निर्भया को इंसाफ दिलाने के लिए सड़कों पर उतरती थी। आज एक आरोपी (विभव) को बचाने के लिए उतर रहे हैं। अपनी पोस्ट में उन्होंने कहा, काश मनीष सिसोदिया जेल से बाहर होते तो शायद मेरे साथ इतना बुरा नहीं होता।

### केजरीवाल ड्रामेबाजी छोड़कर मालीवाल मामले में अपनी चुप्पी तोड़ें : भाजपा

दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि आप पार्टी भले धरने-प्रदर्शन करे, लेकिन स्वाति मालीवाल के मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल को चुप्पी तोड़नी चाहिए। केजरीवाल राजनीतिक ड्रामेबाजी तो कर रहे हैं लेकिन उन्होंने मालीवाल के साथ मारपीट पर कुछ नहीं बोला है।

**चंडीगढ़ में विपक्ष पर बरसे योगी**

# कहा कांग्रेस आपकी आधी प्रॉपर्टी मुसलमानों को दे देगी

## पंजाब में माफिया खुलेआम घूम रहे, आप और कांग्रेस दोनों हुई पंजाब में विफल, यूपी में उल्टे टांग दिए

**स्वास्तिक न्यूज संवाददाताः**

**चंडीगढ़।** उत्तर प्रदेश के उट योगी आदित्यनाथ सोमवार को चंडीगढ़ से बीजेपी कैंडिडेट संजय टंडन के लिए प्रचार करने पहुंचे। यहां उन्होंने मलोया स्थित सरकारी स्कूल के नजदीक खाली मैदान में आयोजित रैली को संबोधित किया। इस दौरान समर्थकों ने बुलडोजर बाबा की जय के नारे लगाए। रैली में योगी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश और समाज को बांटा। अब इनकी नजर लोगों की प्रॉपर्टी पर पड़ गई है। ये प्रॉपर्टी में से आधा हिस्सा लेकर मुसलमानों को देंगे।

योगी ने कहा कि जो राम का, वही हमारा, वर्ना किसी के काम का नहीं। कांग्रेस तो राम को नकार चुकी थी। इसके अलावा उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भागवत मान पर तंज कसते हुए कहा कि आज पंजाब में माफिया खुलेआम घूम रहे हैं, लेकिन वढ में हमने इन्हें उल्टा टांगा है। उन्होंने चंडीगढ़ से कांग्रेस कैंडिडेट मनीष तिवारी को उड़नखटोला बताया।

### कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि हमें दूसरा औरंगजेब नहीं चाहिए

योगी आदित्यनाथ ने कहा कांग्रेस ने देश और समाज को बांटा। अब इनकी नजर लोगों की प्रॉपर्टी पर पड़ गई है। इनके एक नेता ने कहा कि सरकार आई तो सर्वे कराएंगे और फिर विरासत टैक्स लगाएंगे। आपके गहने, मकान और सारी प्रॉपर्टी में से आधा लेकर मुसलमानों को देंगे। कांग्रेस के अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस चुकी है। हमें दूसरा औरंगजेब नहीं चाहिए। मोदी जी ने भारत को एक भारत-श्रेष्ठ भारत बनाया है। अब हमें इसे आत्मनिर्भर भारत बनाना है। मोदी जी ने पूरा जीवन देश के लिए दिया है। आप भी 10 दिन दीजिए। कन्हैया मित्तल ने कहा कि जो राम को लाएं हैं, हम उनको लाएंगे तो आप सब इस पर सहमत हैं।

### योगी बोले- पंजाब में माफिया खुलेआम घूमते हैं

वढ के मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का गठबंधन नहीं बल्कि मिलकर जीतने के बाद साथ-साथ लूटने की योजना है। पंजाब में देखिए, किस तरह माफिया घूमते हैं, हमने वढ में सबको उल्टा टांग दिया।

### मोदी 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दे रहे : योगी

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस सरकार में गरीब भूख से मरता था। मोदी 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दे रहे हैं। उन्होंने व्यवस्था दी कि अगर कार्ड यूपी और बिहार का भी हो, लेकिन राशन चंडीगढ़ में ले सकता है। कांग्रेस कहती थी कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुस्लिमों का है। फिर देश का हिंदू और सिख कहां जाएगा?। कांग्रेसियों के अंदर दुर्योधन की आत्मा प्रवेश कर गई है। मोदी सरकार ने सबका साथ-सबका विकास की भावना से काम किया।

### योगी ने मनीष तिवारी को उड़नखटोला बताया

योगी ने चंडीगढ़ के कांग्रेस उम्मीदवार मनीष तिवारी को उड़नखटोला बताया। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद ये भाग जाते हैं। दुनिया में कोई भी संकट आता है तो मोदी जी संकटमोचक बनकर सामने आते हैं। पहले जब विस्फोट होते थे तो तब की कांग्रेस सरकार कहती थी कि आतंकवाद तो सीमा पार से है। आज आतंकवाद का समाधान हुआ। आज तो अगर पटाखा भी फट गया तो पाकिस्तान सफाई देता है कि मेरा हाथ नहीं है। वह जानता है कि यह नया भारत है। जो पहले छेड़ता नहीं है और अगर कोई छेड़ता है तो छोड़ता नहीं है। दम होना चाहिए।

### लोगों ने सड़कों पर नमाज पढ़नी बंद की

योगी ने कहा कि मैंने सबको कह दिया था कि कोई दंगा करेगा तो उल्टा टांग देंगे। उत्तर प्रदेश में दंगे समाप्त हो गए हैं। अब तो उत्तर प्रदेश में सड़कों पर नमाज पढ़नी भी लोगों ने बंद कर दी है। अब मस्जिदों की मीनारों से माइक उतर गए हैं। वह कहते हैं कि हम भी शांति से रहना चाहते हैं। उत्तर प्रदेश अब शांति और सौहार्द की भूमि बन गई है। अब तो अयोध्या में रामलला भी विराजमान हो चुके हैं। जो राम का है, वही राष्ट्र का है-योगी* योगी ने कहा कि जो राम का है, वही राष्ट्र का है। वही हमारा है। वर्ना किसी के काम का नहीं है। पूरा चुनाव अब इसी के इर्द-गिर्द घूम रहा है। कांग्रेस तो राम को नकार चुकी है।



### कांग्रेस को 400 सीटों पर चुनाव लड़ने लायक नहीं छोड़ा : योगी

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम लोग निश्चिंत हैं कि 4 जून को मोदी सरकार आ रही है। उन्होंने फिर एक बार मोदी सरकार के नारे लगाए। उन्होंने कहा कि 400 पार की बात करने पर कांग्रेस को चक्कर आने लगते हैं क्योंकि कांग्रेस 400 सीट पर चुनाव नहीं लड़ रही। इस वजह से वह ऐसा भी नहीं कह सकती। देश की जनता ने कांग्रेस को 400 सीटों पर चुनाव लड़ने लायक नहीं छोड़ा।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**स्वास्तिक न्यूज संवाददाता**

अम्बालाः हरियाणा के अंबाला जिले के छावनी के एकता विहार चौक में रहने वाले 38 वर्षीय ललित वर्मा की पंचकूला सेक्टर-4 व 12 हाईवे पर रविवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ललित वर्मा ने राइडिंग के शौक के चलते कुछ दिन पहले ही 16 लाख रुपये की नई कवासकी निंजा बाइक खरीदी थी।

उपचार के दौरान ललित ने तोड़ा दमः स्वास्तिक न्यूज को मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को ललित नई बाइक पर अपने दोस्तों संग शिमला राइड के लिए निकला था। जैसे ही वह पंचकूला सेक्टर-4 व 12 हाईवे पर पहुंचा तो अचानक निमार्णधीन फ्लाईओवर पर वह अनियंत्रित हो गया। बाइक पलटते हुए काफी दूर जा गिरी और ललित डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। दूसरे साथियों की मदद से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पहले नागरिक अस्पताल ले जाया गया था, जहां से उसे ऑल केमिस्ट ले गए थे। उपचार के दौरान ललित ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। जिसके बाद रविवार शाम को छावनी के रामबाग में ललित का अंतिम संस्कार हुआ। ललित वर्मा शादीशुदा था।जिसके दो बच्चे है। ललित को काफी सालों से बाइक राइडिंग का शौक था और स्पोर्ट्स बाइकों का दीवाना था। पहले भी कई बार वह राइड पर जा चुका था। राइडिंग के शौक के चलते ही कुछ दिन पहले बाइक ली थी।

# जींद- रोहतक हाइवे पर पलटा रिफाइंड से भरा टैंकर, बर्तन लेकर दौड़ पड़े लोग

**स्वास्तिक न्यूज संवाददाता**

जींदः रोहतक जींद हाइवे के बाइपास पर करसोला रोड़ के पास बीती रात एक रिफाइंड से भरा हुआ टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंकर में करीब 34 हजार लीटर रिफाइंड भरा हुआ था तथा वह कलकता से पंजाब के जालंधर जा रहा था। हादसे में चालक को चोटें आई तथा सूचना मिलने के बाद उसे घायल अवस्था में जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पुरा के धर्मनगर निवासी टैंकर चालक मानव विश्वास ने बताया कि वह टैंकर में 34 हजार लीटर रिफाइंड तेल भरकर कलकता से जालंधर जा रहा था। बीती रात देर शाम जब वह



जुलाना के करसोल रोड़ बाईपास पर पहुंचा तो अचानक उसका ट्रक अनियंत्रित हो गया और सर्विस रोड़ के साथ बने नाले में जा गिरा

जुलाना में जब करसौला बाइपास के पास के रिफाइंड से भरे टैंकर के अनियंत्रित होकर पलटने की सूचना मिलने के बाद आसपास के लोग तेल लेने के लिए बर्तन लेकर घटना स्थल की और दौड़ पड़े। घटना स्थल पर पहुंचे लोगों में पुरूषों के अलावा महिलाएं व बच्चे भी शामिल थे। जो अपने साथ बाल्टी व पीपे इत्यादि लेकर आए थे। जब चालक ने लोगों से तेल उठाने से रोकने का प्रयास किया तो वह नहीं माने और लोगों को रोकने के लिए पुलिस को बुलाना पड़ा। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को वहां से खदेड़ा। पुलिस के पहुंचने से पहले महिलाएं व बच्चें बर्तनों में तेल भरते नजर आए। जुलाना अनाज मंडी चौंकी प्रभारी राजकुमार ने बताया कि रात को करसौला बाइपास के पास टैंकर पलटने की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। इसके बाद जब लोगों के बिखरा तेल चोरी करने की सूचना मिली तो पुलिस

# अज्ञात लोगों ने किया कंपनी के दो कर्मचारियों पर हमला

**स्वास्तिक न्यूज विशाल**

सफीदोंः सफीदों में नकाबपोशों के द्वारा कंपनी में काम करने वाले दो कर्मचारियों के उपर हमला किए जाने का मामला सामने आया है।

इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव उरलाना कलां (पानीपत) निवासी सुरेंद्र सिंह ने कहा कि वह सफीदों स्थित एक कंपनी में शिफ्ट इंचार्ज के पद पर कार्यरत है। 12 मई को मैं ड्यूटी पूरी करके शाम को करीब साढे पांच बजे अपनी बाईक से अपने साथी प्लांट मैनेजर आशीष सचान के साथ घर जा रहा था।

हम दोनों खानसर चौंक से बस स्टैण्ड की तरफ जा रहे थे। जब मस्जिद के नजदीक ब्रेकर पर एक नकाबपोश व्यक्ति ने हाथ देकर हमको रोका। ब्रेकर होने की वजह से बाईक की रफ्तार कम से हो गई थी।

**ब्रेकर होने की वजह से बाईक की रफ्तार कम से हो गई थी**

जैसे ही बाईक की रफ्तार कम हुई नकाबपोश व्यक्ति के साथ दो अन्य नकाबपोश ने लाठी व डण्डे से हम पर हमला कर दिया।

इस घटना में मेरा साथी आशीष सचान खून से लथपथ होकर बेसुध हो गया, जिसे सफीदों के एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भादस की धारा 323, 341, 506 व 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।और आरोपियों की तलाश में जूट गई हैं।

# पति ने पत्नी को बेरहमी से पीटा, पुस्तैनी प्लाट बेचने लिए बना रहा था दबाव

## 10 माह पहले ही हुई थी शादी, जमीन को लेकर चल रही थी आपस में लड़ाई

**स्वास्तिक न्यूज**

रोहतकः हरियाणा के रोहतक जिले में एक पति के द्वारा अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। दोनों की करीब 10 माह पहले ही शादी हुई थी।

विवाहिता के साथ पहले भी कई बार मारपीट की घटनाएं हो चुकी है। वहीं, अब पुस्तैनी जमीन को बेचने का दबाव भी महिला पर बनाया जा रहा था। जब महिला ने जमीन बेचने से मना किया तो पति ने उसके साथ मारपीट की। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई है।

### पुस्तैनी जमीन बेचने का दबाव

बुलंदशहर निवासी मीनू चौधरी ने अर्बन एस्टेट थाना में शिकायत दी। जिसमें बताया कि उसकी शादी करीब 10 माह पहले जुलाई 2023 में रोहतक के ताऊ नगर निवासी अरुण के साथ हुई थी। यह दोनों की दूसरी शादी थी। लेकिन उसके पति ने शादी के कुछ समय बाद ही उसे पैसों को लेकर तंग करना शुरू कर दिया। उसके पास जो पैसे थे उसने पहले ही अपने पति को दे दिए थे, लेकिन अब उसका पति उसके गांव की पुस्तैनी जमीन को बेचने का दबाव बना रहा था, ताकि वह रोहतक में प्लाट खरीद सके। इसके लिए वह कई बार मारपीट भी कर चुका है। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। वह पहले भी छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा करता रहता था। मीनू चौधरी ने पुलिस को कहा कि 18 मई को वह अपने घर थी। आते ही उसके पति ने उसके साथ लड़ाई झगड़ा किया और लात-घुसे व डंडे से मारा। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को दे दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी।

## बीजेपी के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान के लिए अमित शाह पहुंचे करनाल

# लोगों से दोनो हाथ उठाकर कराया जय श्री राम का उद्घोष

**स्वास्तिक न्यूज संवाददाता**

करनालः हरियाणा के करनाल में आज अमित शाह ने बीजेपी प्रत्याशी के लिए रैली की। यहां पर उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। साथ ही हिसार लोकसभा सीट के नौ विधानसभा क्षेत्र की होने वाली रैली में अमित शाह रणजीत के लिए वोट की अपील करेंगे।

### करनाल में खट्टर ने किया अमित शाह का स्वागत

करनाल में गृहमंत्री अमित शाह के मंच पर पहुंचने पर पूर्व सीएम मनोहर लाल ने स्वागत किया। मनोहर लाल ने कहा कि देश की एकता को मजबूत करने वाले अमित शाह का हरियाणा की जनता की ओर से स्वागत है। करनाल में गृहमंत्री अमित शाह का संबोधन,आते ही कसा विपक्ष पर तंज



करनाल में पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने दोनों हाथ उठाकर जन समूह से जय श्री राम का उद्घोष कराया। उन्होंने कहा कि इतनी धूप में इतनी बड़ी संख्या में आपका यहां आने पर आप सबका और मेरे जिगर के टुकड़े जैसे युवाओं का बहुत-बहुत स्वागत है। चुनाव में पहली बार हरियाणा आया। मंजी शाह गुरुद्वारा चुलकाना धाम और अन्य धार्मिक स्थलों का उल्लेख करते हुए नमन किया। शाह ने हरियाणा के किसानों और जवानों के साथ खिलाड़ियों का उल्लेख किया।

### केंद्रीय गृह मंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर के लिए करनाल के लोगों से मांगा आशीर्वाद

शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वन रैंक वन पेंशन का मामला कांग्रेस ने लंबे समय तक लटकाए रखा। उन्?होंने आगे कहा कि करनाल से लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। पार्टी ने तय किया है कि वह दिल्ली और देश में जनता की सेवा करें। शाह ने कहा कि मैं आज बड़े मन से कहना चाहता हूं की मनोहर लाल की विदाई हो चुकी है और अब नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री है लेकिन मनोहर लाल ने जो काम किया वह आज मिसाल है। वहीं स्वास्थ्य शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में मनोहर सरकार के कार्यों का उल्लेख भी किया। साथ ही उन्?होंने कहा कि पूरे हरियाणा को 10 साल में विकसित करने का काम भाजपा सरकार ने किया। उन्?होंने कहा कि पहले हरियाणा में भ्रष्?टाचार, गुंडागर्दी और भाई-भतीजावाद चलता था।

### नायब सैनी के पक्ष में भी बोले शाह

अब हरियाणा की कमान हमारे मुख्यमंत्री नायब सैनी के हाथों है। शाह ने कहा कि मैं करनाल वालों को कहने आया हूं आपसे मुख्यमंत्री ले लिया और आपको मुख्यमंत्री देने का काम भी हम ही कर रहे हैं। वहीं कश्?मीर मुद्दे पर भी शाह ने लोगों से पूछा कि कश्मीर हमारा है कि नहीं? इसके बाद उन्होंने कहा कि कश्मीर के लिए भारत का बच्चा-बच्चा अपनी जान दे सकता है। कांग्रेस नेता मणिशंकर पर निशाना साधते हुए शाह बोले की वह कहते हैं कि पाकिस्तान को सम्मान दो। शाह ने कहा, "मैं अंगराज कर्ण की इस धरती पर कहने आया हूं कि यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है पाक अधिकृत कश्मीर हमारा है और हम इसे लेकर रहेंगे।"

### गिनाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां

शाह ने कहा कि अपने मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया। आज असम से कश्मीर तक हमारा तिरंगा लहरा रहा है। मोदी जी ने हमारे अर्थतंत्र को 11 से पांचवें नंबर पर लाने का काम किया है। वहीं अपने तीसरे टर्म में तीसरे नंबर पर लाने का काम करेंगे। राम मंदिर पर बोलते हुए शाह ने कहा कि 70 साल से राम मंदिर का मामला लटका कर अटका कर रखा था, मोदी को अपने प्रधानमंत्री बनाया। मोदी ने भूमि पूजन किया। केस जीता और 24 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कर के जय श्री राम कर दिया। कांग्रेस पर हमला करते हुए शाह ने कहा कि इन लोगों ने गरीबों की सिर्फ बात की। काम कुछ नहीं किया। मैं राहुल बाबा से पूछने आया हूं कि आपने संवैधानिक पद पर बैठे जगदीप धनखड़ के रूप में किसान के बेटे का अपमान क्यों किया। वहीं मोदी और मनोहर सरकार ने किसानों के हित में बड़ी योजनाएं चलाई हैं। पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर ने राहुल गांधी पर साधा निशाना,तंज कसते हुए कहा महात्मा गांधी के पासंग भी नही राहुल गांधी। पूर्व सीएम मनोहर लाल ने करनाल में आयोजित विजय संकल्प रैली में कहा कि मौसम की गर्मी और चुनाव की गर्मी में इतनी भीड़ देखकर मैं कह सकता हूं कि हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीट और विधानसभा उपचुनाव में कमल खिलेगा।

# पराठा दिलाने के बहाने आठ साल की मासूम बच्ची को बनाया शिकार

**स्वास्तिक न्यूज/सुनिल कमानिया**

**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला में हैवानियत की सारी हदें पार करते हुए एक युवक ने 8 साल की मासूम बच्ची का रेप कर दिया। युवक ने पराठा दिलाने के बहाने आठ साल की बच्ची के साथ बर्बरता की । पुलिस ने बताया कि अभी हैवानियत का मामला सामने आया है। दुष्कर्म करने के मामले में 36 घंटे बाद पुलिस ने मासूम के बयान दर्ज किए हैं। वहीं पुलिस रूट मैप तैयार करने में जुटी हुई है। हालांकि आरोपी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर चल रहा है। आरोपी का इलाके में आना-जाना लगा रहता था जिस कारण बच्ची उसके साथ चली गई। राजकीय रेलवे पुलिस ने मासूम के बयान दर्ज कर लिए है। मासूम ने पुलिस को घटना के बारे में संक्षिप्त में बताया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस रूट मैप तय करने में जुटी थी जिसे उस ठिकाने तक पहुंच सके जहां बच्ची के साथ दुराचार किया गया।

### पराठा दिलाने का दिया लालच :

बता दें कि शनिवार की रात करीब 9 बजे रेलवे स्टेशन के पास हनुमान मंदिर के नजदीक खाना बनाने की तैयारी में जुटे एक परिवार के पास एक्टिवा सवार व्यक्ति आया और उसने बच्ची को पराठा दिलाने का लालच दिया। बाद में आरोपित उसे अपने साथ बिठाकर कहीं ले गया। जहां आरोपित ने मासूम के साथ दुराचार किया और बाद में उसे बीच रास्ते में ही छोड़कर चला गया अर्ध बेहोशी की हालत में खून से लथपथ स्थिति में मासूम जब अपने ठिकाने पर पहुंची तो बच्ची की ऐसी हालत देखकर स्वजनों के पांव तले से जमीन खिसक गई थी। आरोपित ने अपने मुंह पर रूमाल ढका था। इसके भी कयास लगाए जा रहे हैं कि मासूम के साथ सामूहिक दुष्कर्म तो नहीं हुआ। घटना के बाद बच्ची की ब्लीडिंग नहीं रुक रही थी परंतु उपचार के बाद बच्ची की ब्लीडिंग थम गई है लेकिन मासूम अभी भी सहमी हुई है। उधर पुलिस आसपास के सीसीटीवी खंगालने में जुटी थी ताकि आरोपित के गिरेबान तक पहुंचा जा सके। बच्ची के पिता ने बताया था कि आसपास के लोग आरोपित को पहचानते हैं क्योंकि उसका वहां आना-जाना लगा रहता था। पुलिस पूरी तरह से सक्रिय होकर मामले की छानबीन में जूट गई है। और आरोपी को खंगालने में लगी हुई है।